भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 208

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
सोमवार, 14 माघ 1946 (शक)

स्ट्राइव परियोजना के माध्यम से नैल्लोर और टाडा में औद्‌योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का सुदृढ़ीकरण

208. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या औद्‌योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना के अंतर्गत अधिगम अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, उन्नयन और संवर्धन हेतु नैल्लोर में दो सरकारी औद्‌योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और टाडा स्थित एक सरकारी औद्‌योगिक प्रशिक्षण संस्थान की पहचान की गई है;

(ख) यदि हां, तो इन औद्‌योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन के लिए उठाए गए कदमों और प्रदान की गई अवसंरचना का ब्यौरा क्या है;

(ग) उपरोक्त औद्‌योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए आवंटित, स्वीकृत, जारी और व्यय की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार नैल्लोर, आन्ध्र प्रदेश में स्ट्राइव परियोजना अथवा अन्य परियोजना के अंतर्गत अन्य औद्‌योगिक प्रशिक्षण संस्थान शुरू करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय ने औद्‌योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना का कार्यान्वयन किया है, यह विश्व बैंक सहायता प्राप्त भारत सरकार की परियोजना है। स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत, कुल 500 आईटीआई (इसमे 467 सरकारी आईटीआई और 33 निजी आईटीआई शामिल हैं) का उन्नयन के लिए चयन किया गया था। इन आईटीआई के प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधि प्रदान की गई।

नेल्लोर (अर्थात सरकारी आईटीआई, नेल्लोर एवं सरकारी आईटीआई (महिला), नेल्लोर) में दो सरकारी आईटीआई और टाडा, में एक सरकारी आईटीआई को स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत सुदृढ़, उन्नत और अवसंरचना शिक्षण में वृद्‌धि के लिए अभिनिर्धारित किया गया था।

(ख) स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत, राज्य सरकारों को आईटीआई के उन्नयन के लिए निधि जारी की गई थी। संस्थान कार्यनीतिक योजना (आईएसपी) के अनुसार राज्यों ने इस निधि का प्रयोग नए औजारों, उपकरणों और विविध व्यवसायों (ट्रैडस) अर्थात इलेक्ट्रिशन, फिटर, मोटर मकैनिक वाहन, आर एवं एसी और वेल्डर की प्राप्ति के लिए किया है।

ग) उपर्युक्त आईटीआई को आबंटित, स्वीकृत, जारी और व्यय की गई निधि का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

क्रं.सं	आईटीआई का नाम	एनसीवीटी एमआईएस कोड	आबंटित/स्वीकृत निधि	जारी की गई निधि	उपयोग/व्यय निधि
1	सरकारी आईटीआई नेल्लोर	जीआर 28000145	1,43,00,000	1,43,00,000	1,43,00,000
2	सरकारी आईटीआई (म.) नेल्लोर	जीआर 28000270	1,49,00,000	1,49,00,000	1,48,99,852
3	सरकारी आईटीआई टाडा	जीआर 28000308	1,23,00,000	1,23,00,000	1,22,99,154

(घ) और (ङ) महोदय, स्ट्राइव परियोजना 31 मई, 2024 को बंद हो चुकी है।

*****